दिनांक 13.01.2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

गोयल इंजीनियरिंग ने सड़क पर डंप किया स्लेग , निगम प्रशासन ने दिया हटाने के लिए दिया नोटिस

-शीघ्र ही स्लेग नहीं हटाया गया तो की जाएगी सख्त कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के औद्योगिक क्षेत्र में गोयल इंजीनियरिंग के द्वारा सड़क में स्लेग डंप कर आवागमन को बाधित किए जाने की जानकारी निगम प्रशासन को प्राप्त हुई है। फैक्ट्री के सामने के रोड पर दोनो किनारे बड़ी मात्रा में लोहे का स्लेग डंप हो जाने के कारण वहां से आने जाने वालों लोगों एवं वाहनों को कॉफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते औद्योगिक क्षेत्र में दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। गोयल इंजीनियरिंग के द्वारा डंप किए हुए स्लेग को तत्काल हटाने निगम प्रशासन ने पत्र जारी किया है , अगर स्लेग शीघ्र ही नहीं हटाया गया तो निगम द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी और जुर्माना भी वसूला जाएगा। जोन 02 की आयुक्त पूजा पिल्ले द्वारा गोयल इंजीनियरिंग को जारी किए नोटिस में फैक्ट्री के सामने रोड में रखे गए लोहे के स्लेग को हटाने का निर्देश दिया गया है। नहीं हटाने पर निगम प्रशासन द्वारा हटाने की कार्यवाही की जावेगी और इसकी व्यय की वसूली गोयल इंजीनियरिंग वर्क्स से की जाएगी!

जनसम्पर्क अधिकारी